Virginia Mason Franciscan Health

**COMMONSPIRIT HEALTH**
**वित्तीय सहायता नीति का सारांश**

CommonSpirit Health उन व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके स्वस्थ समुदायों का निर्माण करने के लिए समर्पित है, जिनको स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता होती है और वे बीमा-रहित, अल्पबीमित, सरकारी कार्यक्रम के लिए अपात्र, या अन्यथा भुगतान करने में असमर्थ हैं। गरीब और कमजोर की हिमायत करना हमारा मिशन और हमारा जुनून दोनों है। इस सारांश में, कुछ आय आवश्यकताओं को पूरा करने वाले रोगियों को CommonSpirit Health Hospitals द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए भुगतान करने में मदद के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता का वर्णन किया गया है।

**मुफ्त देखभाल:**

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 300% तक की पारिवारिक आय के साथ बीमा-रहित या अल्पबीमित हैं, तो आप पात्र अस्पताल सेवाओं के लिए अपनी शेष राशि से 100% छूट प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते हैं।

**छूट दी गई देखभाल:**

- यदि आप संघीय गरीबी स्तर के 301-400% के बीच वार्षिक पारिवारिक आय के साथ बीमा-रहित या अल्पबीमित हैं, तो आप अपनी आय के स्तर के आधार पर, अस्पताल सेवाओं के लिए 50% या अधिक छूट प्राप्त करने या सामान्य रूप से बिल की गई राशि (AGB) तक कम करने के पात्र हो सकते हैं। और विवरण वित्तीय सहायता नीति में दिए गए हैं।

**पात्रता:**
सहायता उन लोगों को दी जाती है, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय उपर्युक्त श्रेणियों के अंतर्गत आती है और उन्होंने:

- अन्य सभी भुगतान विकल्पों को पूरा करने के प्रयासों में सहयोग किया; और
- वित्तीय सहायता आवेदन पूरा किया है और आय की जाँच करने के लिए पर्याप्त समर्थन दिया है।

नोट: कुछ मामलों में, रोगियों को औपचारिक आवेदन के बिना वित्तीय सहायता दी जा सकती है। विवरण वित्तीय सहायता नीति में दिया गया हैं।

**वित्तीय सहायता के लिए पात्र शुल्क चार्ज किए गए रोगी:**

यदि आप हमारी वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत वित्तीय सहायता के पात्र हैं, तो आपको सामान्य रूप से बिल की गई राशि से अधिक भुगतान करने की आवश्यकता नही□ होगी, जो संघीय कानून के अंतर्गत निर्धारित राशि है, जो चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सेवाओं के लिए निजी स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और Medicare (सह-भुगतान और कटौती सहित) द्वारा अस्पताल को दी जाने वाली राशि को दर्शाती है। आपातकालीन सेवाएँ प्राप्त करने के लिए आपको कभ□ भी अग्रिम भुगतान या अन्य भुगतान व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी।

**अगला कदम उठाने के लिए तैयार हैं?**

आवेदन पूरा करें और इसे पात्रता और नामांकन सेवाओं को सबमिट करें।

वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता आवेदन और यह सारांश https://www.chifranciscan.org/billing-insurance-and-finances/financial-assistance-discounts-for-patients.html पर, अंग्रेजी और स्पैनिश दोनों में उपलब्ध है।

मेल द्वारा या व्यक्तिगत रूप से इन दस्तावेज़ों की निःशुल्क प्रतिलिपि प्राप्त करने के लिए, आवेदन को पूरा करने में मदद प्राप्त करने के लिए, या इन दस्तावेज़ों की ऊपर वर्णित से भिन्न भाषा में अनूदित निःशुल्क प्रतिलिपि का अनुरोध करने के लिए, कृपया संपर्क करें:


**Virginia Mason Franciscan Health**
**पात्रता और नामांकन सेवाएं**
**P.O. Box 660872, Dallas, TX 75266-0872**
**फोन : 844-286-5546**
**फेक्स : 469-803-4627**
**ई-मेल:CHIFA@coniferhealth.com**

ये दस्तावेज़ आपातकालीन कक्ष में, यदि कोई हो, और अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित प्रवेश क्षेत्रों में भी उपलब्ध हैं (“प्रवेश” या “पंजीकरण” के लिए संकेतों का पालन करें)। वित्तीय परामर्शदाता प्रश्नों का उत्तर देने, हमारी वित्तीय सहायता नीति के बारे में जानकारी प्रदान करने और आपको वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं। वित्तीय परामर्शदाता आपको Hospital Facility के AGB प्रतिशत और AGB प्रतिशत की गणना के तरीके के बारे में भी जानकार□ प्रदान कर सकते हैं। हमारा स्टाफ अस्पताल के प्रवेश क्षेत्र में स्थित है और उस तक ऊपर सूचीबद्ध टेलीफ़ोन नंबर पर पहुँचा जा सकता है।